रविवार

28 जनवरी 2024

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




आभूषण बनाने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, तेजाब फेंका, चार झुलसे 2


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


# ढाई घंटे तक चली राजद विधायकों की बैठक, अब लालू यादव लेंगे पार्टी से जुड़े सभी फैसले

♦ मनोज झा ने कहा कि राजद विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार के एनडीए में जाने पर भी हुई चर्चा

**केटी न्यूज/पटना**

राजद विधायक दल की बैठक खत्म हो गयी है। तेजस्वी यादव के आवास पर लगभग ढ़ाई घंटे तक ये बैठक चली। बैठक के बाद पार्टी ने कहा है कि आगे के सारे फैसले लेने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को अधिकृत कर दिया गया है। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए राजद सांसद मनोज झा ने कहा विधायक दल की बैठक बहुत ही सकारात्मक तरीके से हुई है। इसमें बिहार में हो रहे राजनीतिक घटनाक्रम के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा हुई। मनोज झा ने कहा कि राजद विधायक दल की बैठक में सारे विधायक और विधान पार्षद मौजूद थे। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे।

**नीतीश के एनडीए में जाने पर चर्चा**

मनोज झा ने कहा कि राजद विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार के एनडीए में जाने पर भी चर्चा हुई है। पार्टी के विधायकों से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। राजद ने तय



किया है कि वह अभी इंतजार करेगा। इस बैठक में ये तय हुआ है कि लालू जी जो फैसला लेंगे उसी के अनुसार सारे लोग काम करेंगे। मनोज झा ने दावा किया कि राजद मौजूदा सरकार को गिराने की कोशिश नहीं करेगी। राजद के सांसद ने कहा जिस सरकार की बुनियाद में इतने लोगों को नौकरी मिली है उसे सरकार को गिराने के बारे में हम लोग सोच सकते हैं क्या तेजस्वी यादव के प्रयास से इस सरकार ने रोजगार दिया है, अस्पतालों का काया पलट कर दिया है। ऐसे में हम अपने सृजन किए हुए बच्चों की हत्या नहीं कर सकते। हमारे विधायकों ने लालू जी और तेजस्वी जी को कहा है कि आपको जो निर्णय लेना है आप लीजिए. हम मजबूती से आपके साथ हैं. हालांकि खबर ये भी है कि लालू प्रसाद यादव ने कुछ अलग खेल करने की भी कोशिश की थी। लालू यादव के पास अभी कांग्रेस, माले, सीपीआई और सीपीएम का समर्थन है। इनके विधायकों की कुल संख्या 114 है।

## विजय मंडल का नीतीश पर बड़ा हमला, कहा- सबसे बड़ा ठग हैं सीएम

**पटना।** बिहार में सियासी हलचल जारी है। आज बिहार की राजनीति में कुछ बड़ा होने वाला है। राजधानी पटना से लेकर दिल्ली तक पल-पल सियासी समीकरण बदल रहे हैं। राजद विधायक विजय मंडल ने सीएम नीतीश कुमार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार सबसे बड़ा ठग हैं। राजद विधायक विजय मंडल ने आगे कहा कि जॉर्ज साहब, शरद साहब और लालू यादव को ठगा है। सरकार में मनमानी करने का काम उन्होंने किया। लालू यादव ने नीतीश कुमार के हर फैसले को माना है। लेकिन अब बर्दाश्त नहीं हो रहा है। कपूर्री ठाकुर को ठगने का काम किया है।

**आरजेडी विधायकों की बैठक**

आरजेडी विधायक दल के नेता और डिप्टी सीएम ने पार्टी विधानमंडल दल की बैठक अपने आवास पर बुलाया है। राजद के सारे विधायक तेजस्वी के आवास पहुंच गये हैं। राजद विधायक दल की बैठक शुरू हो गयी है। बैठक में पहुंचे विधायकों को मोबाइल साथ में रखने की इजाजत नहीं दी गयी है। उनके मोबाइल बाहर रखवा लिये गये हैं। राजद की बैठक में कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत सरकारी गाड़ी के बजाय निजी गाडी से पहुंचे। कुमार सर्वजीत ने कहा कि उन्होंने मंत्री की सुविधायें छोड़ दी है। वहीं, बैठक में शामिल होने पहुंचे आरजेडी विधायक विजय मंडल ने नीतीश कुमार को जमकर कोसा। विजय मंडल ने कहा कि नीतीश कुमार किसी का सगा नहीं हुए।



## कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने सरकारी गाड़ी लौटाई, निजी गाड़ी से पहुंचे बैठक में

# सीएम नीतीश ने राजद मंत्रियों के कामकाज पर लगाई रोक

♦ बिहार में लालू के राजद और नीतीश के जेडीयू का गठबंधन टूटने की कगार पर

♦ सबसे बड़े सियासी फैसले के समय बीजेपी, आरजेडी और जेडीयू के नेता मंथन करने में लगे

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में लालू के राजद और नीतीश के जेडीयू का गठबंधन टूटने की कगार पर है। शनिवार को नीतीश कुमार ने राजद कोटे के मंत्रियों के कामकाज पर रोक लगा दी है। इसके बाद राज्य के कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने सरकारी गाड़ी लौटा दी है। इधर दिल्ली से पटना पहुंचे भाजपा के राज्यसभा सांसद राकेश सिंह ने कहा है कि दुनिया ने मोदी का सुशासन देखा है। अब बिहार की जनता भी मोदी का सुशासन देखना चाहती है। वहीं कांग्रेस ने बिहार के हालात पर नजर रखने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ऑबजर्वर नियुक्त किया है। बिहार में फैसले से पहले की कवायदः बीजेपी, आरजेडी और जेडीयू की बैठक जारी बिहार में सबसे बड़े सियासी फैसले का समय आ गया है. उससे पहले राज्य की तीनों प्रमुख पार्टियों के नेता मंथन में लग गये हैं. शनिवार की दोपहर बीजेपी, आरजेडी और जेडीयू के नेता मंथन करने में लगे हैं।

**आरजेडी विधायकों की बैठक**


आरजेडी विधायक दल के नेता और डिप्टी सीएम ने पार्टी विधानमंडल दल की बैठक अपने आवास पर बुलाया है। राजद के सारे विधायक तेजस्वी के आवास पहुंच गये हैं। राजद विधायक दल की बैठक शुरू हो गयी है।

**बीजेपी कोर कमेटी की बैठक**

उधर, बीजेपी दफ्तर में पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी की बैठक चल रही है. इस बैठक में बिहार बीजेपी के प्रभारी भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, सुशील मोदी, विजय कुमार सिन्हा समेत दूसरे प्रमुख नेता मौजूद हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में नीतीश कुमार के साथ बनने जा रही नयी सरकार के खाके पर विचार विमर्श किया जा रहा है। वैसे बीजेपी के किसी नेता ने अब तक ये नहीं कहा है कि वह नीतीश के साथ मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं।

**नीतीश आवास में जेडीयू की बैठक**

नीतीश कुमार के आवास पर जेडीयू के नेता बैठे हैं। नीतीश कुमार सुबह बक्सर गये थे। वहां से वापस लौटने के बाद नीतीश कुमार ने अपनी कोर कमेटी के साथ बैठक शुरू की है। इस बैठक में ललन सिंह, विजय चौधरी, संजय झा और अशोक चौधरी जैसे नेता मौजूद हैं। नीतीश भी नयी सरकार को लेकर मंथन कर रहे हैं।



## तेजस्वी ने जीतन राम मांझी को दिया सीएम बनने का ऑफर!



पटना। बिहार में तेजी से बदल रहे सियासी घटनाक्रम का पटाक्षेप जल्द होने वाला है। एक-दो दिन में 2020 के फॉमूर्ले पर जदयू और भाजपा की सरकार बनने की संभावना है। जिसके मद्देनजर आज का दिन काफी अहम माना जा रहा है। पटना में बिहार बीजेपी और लालू की पार्टी राजद की अहम बैठक है। इस बैठक से पहले राजद के तरफ से मांझी को बड़ा ऑफर दिया गया है। राजद के तरफ से मांझी को सीएम बनाने का ऑफर दिया गया है। इसके बाद अब सम्राट चौधरी भागे - भागे मिलने पहुंचे हैं। इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा कि- आसानी से तख्तापलट नहीं होने देंगे और इतनी आसानी से दोबारा ताजपोशी नहीं होने देंगे। अगर जरूरत होगी तो दलित को भी मुख्यमंत्री बनाएंगे। उसके बाद मांझी ने एक विधायक ने कहा कि - मांझी जी को फोन आया था मुझे भी फोन आया था इस दौरान कहा गया था कि आप हमारे साथ आ जाए आपको सीएम बना दिया जाएगा। उसके बाद सम्राट चौधरी मांझी से मिलने पहुंचे और उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि आप हमारे साथ रहिए आपको उचित जगह दी जाएगी। इन सबके बीच राष्ट्रीय जनता दल ने सियासी संकट से निपटने के लिए आज 1 बजे तेजस्वी यादव के सरकारी आवास 5 सर्कुलर रोड आवास पर विधायक दल की बैठक बुलाई है। इस बैठक में कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इससे पहले राबड़ी आवास पर विधानसभा अध्यक्ष को भी राबड़ी आवास बुलाया गया है। इसके पहले राजद कोटे के मंत्री कुमार सर्वजीत ने यह कहा कि - हमलोग नीतीश कुमार से समर्थन वापस लेने जा रहे हैं। सभी मंत्रियों ने सरकारी गाड़ी को वापस कर दिया है ।

## प्रदेश के हर ब्लॉक में होगी खेलो यूपी सेंटर की स्थापना : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वितरित की। इसके साथ ही 7 पदक विजेता खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने ऐलान किया कि जहां भारत सरकार की ओर से हर जनपद में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है, उसी तर्ज पर प्रदेश के हर ब्लॉक में खेलो उत्तर प्रदेश सेंटर की स्थापना करेंगे। इसके लिए खेल विभाग के साथ मिलकर एक राशि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही तय किया है कि जो खिलाड़ी खेलों के उपरांत अपना समय दे सकते हैं उनको खेलो यूपी सेंटर में निश्चित मानदेय पर कोच नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि ब्लॉक स्तर पर अच्छे कोच होंगे तो हमारे खिलाड़ी और भी निखर सकेंगे और हम देश और विदेश में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले दस वर्ष के अंदर खेलों में एक माहौल बना है। युवा ऊर्जा के प्रोत्साहन के लिए जो एक नया प्लेटफॉर्म प्रधानमंत्री जी ने दिया है,उनके विजन को उनकी भावनाओं के अनुरूप जमीनी धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है।

### खेलों में भी यूपी होगा सबसे आगेः अनुराग ठाकुर

**लखनऊ।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों से कहा कि आपने एक ऐसी उड़ान भरी है, जिसने देश का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश के अखबारों में अगर हेडलाइन बनती थी तो घोटालों की बनती थी। अब कॉमनवेल्थ के घोटाले की चर्चा नहीं होती, मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का नाम छपता है। लगभग एक दशक में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। प्रधानमंत्री ने जहां खेलों का बजट 3 गुना बढ़ाया है तो वहीं उत्तर प्रदेश में भी खेलों को प्रोत्साहन मिला है। आज खिलाड़ियों को इतनी सुविधाएं मिल रही हैं कि उन्हें अपने खर्चे पर नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस पर ध्यान देना होता है।

# बिहार में सियासी घमासान के बीच बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, कई डीएम बदले

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में मचे सियासी घमासान के बीच बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गोपालगंज, लखीसराय जैसे कई जिलों के डीएम का ट्रांसफर कर दिया है। पटना के मौजूदा डीएम चंद्रशेखर सिंह को सीएम सचिवालय में भेजा गया है। शीर्षत कपिल अशोक पटना के नये डीएम बनाये गये हैं। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। गोपालगंज के डीएम नवल किशोर चौधरी को भागलपुर का नया डीएम बनाया गया है। भागलपुर के मौजूदा डीएम सुब्रत कुमार सेन को मुजफ्फरपुर का डीएम बना दिया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर के डीएम प्रणव कुमार को गृह विभाग में सचिव के पद पर तैनात किया गया है। सरकार ने लखीसराय के डीएम का भी तबादला किया है। एसएफसी के सीएमडी रजनीकांत लखीसराय के नये डीएम होंगे। सरकार ने पूर्णिया के साथ साथ कोसी प्रमंडल के कमिश्नर का प्रभार संभाल रहे मनोज कुमार का ट्रांसफर कर दिया है। मनोज कुमार को बिहार सरकार में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का सचिव बनाया गया है।



वहीं, वित्त विभाग में निदेशक पद पर तैनात नीलम चौधरी को कोसी प्रमंडल, सहरसा का नया आयुक्त बनाया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग में सचिव पद पर तैनात संजय कुमार को पूर्णिया प्रमंडल का आयुक्त यानि कमिश्नर बनाया गया है।

**79 आईपीएस का ट्रांसफर**

बड़ा सियासी फैसले लेने जा रहे नीतीश कुमार ने ताबड़तोड़ ट्रांसफर किया है। बिहार सरकार ने एक साथ 79 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इससे पहले दिन में बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ था। अब नीतीश कुमार ने दरभंगा, जहानाबाद, नवगछिया, अररिया, सिवान, पूर्णिया, सहरसा, मुंगेर, मधेपुरा, शेखपुरा, बेगूसराय, खगड़िया, बगहा, अरवल समेत कई जिलों के एसपी को बदल दिया है।

## प्रतिदिन होगा 65 मीट्रिक टन ठोस जैविक खाद का उत्पादन

# पराली व गोबर बनेगा किसानों की अतिरिक्त आय का जरिया : योगी

♦ सीएम योगी ने बदायूं में किया कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट का उद्घाटन

**केटी न्यूज/बदायूं**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट से ना केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। इससे किसानों द्वारा खेतों में पराली जलाने की बहुत बड़ी समस्या का समाधान होगा। जिस पराली को पहले जला दिया जाता था अब ये हमारे किसानों की अतिरिक्त आमदनी का माध्यम बनेगा। इसके साथ ही गोबर से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी। सीबीजी प्लांट ना केवल किसान और पशुपालकों के लिए, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। सीएम योगी शनिवार को दातागंज विधानसभा के सैंजनी गांव में सीबीजी प्लांट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी बतौर सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से विपन्न क्षेत्र में सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, अन्नदाता किसानों की आमदनी, युवाओं को रोजगार और नये उद्यम स्थापित करने का



नया माध्यम बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्लांट की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के आठ जिलों जौनपुर, अमेठी, सीतापुर, फतेहपुर, बहराइच, बरेली, कन्नौज और बदायूं में सीबीजी प्लांट लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बदायूं में 133 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सीबीजी प्लांट 50 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन धान की पराली का उपयोग करते हुए 14.25 मीट्रिक टन बायोगैस का उत्पादन हो सकेगा। साथ ही 65 मीट्रिक टन ठोस जैविक खाद का प्रतिदिन उत्पादन भी होगा। इससे प्राकृतिक और कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी, साथ ही साथ प्रदूषण में भी कमी आएगी। जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में ये संयंत्र सहायक होगा।जैव उर्वरक के प्रयोग से मिट्टी में कार्बन तत्व की वृद्धि होगी।




# शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है, सभी नागरिकों को विकास से जुड़ने व सहयोग करने की है जरूरत

♦ औरंगाबाद के गांधी मैदान में शान से लहराया राष्ट्रध्वज तिरंगा, शिक्षा मंत्री ने दी विकास योजनाओं की जानकारी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह गांधी मैदान में आयोजित किया गया। जहां प्रदेश के शिक्षा मंत्री आलोक कुमार मेहता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और बिहार पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी एवं स्काउट गाइड की परेड की सलामी ली। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है और सभी नागरिकों को विकास से जुड़ने तथा उसमें सहयोग करने की जरूरत है।



उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील नागरिकों से की। समारोह में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक सपना गौतम मेश्राम भी उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना- 2 अंतर्गत जिले में विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना अंतर्गत जिले में कुल 2146 वार्डों तक नल के जल का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। हर घर पक्की नाली गली (ग्रामीण) योजना अंतर्गत कुल 2852 वार्ड आच्छादित किए गए हैं। शौचालय निर्माण घर का सम्मान योजना अंतर्गत कुल 396859 घरों में शौचालय निर्मित किया गया है।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले में कुल 11 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित हैं जिसमें प्रत्येक केंद्र में छठी से आठवीं कक्षा के 100 बालिकाओं के रहने खाने एवं पढ़ाई की संपूर्ण व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में दो नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास भी संचालित किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक केंद्र में 100 छात्रों को आवश्यक सुविधा सहित पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। इस वर्ष जिले के 105 विद्यालय में से 74 विद्यालयों में आईसीटी लैब संचालित कराया गया है, शेष विद्यालयों में भी लैब जल्द ही संचालित कर दिया जाएगा। जिले में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत कुल 64 लाभुकों को अनुदान दिया गया है। वही मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के अंतर्गत अब तक कुल 1351 लाभुकों को अनुदान दिया गया है। जिला में इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एंड ट्रेफिक रिसर्च का निर्माण किया गया है जहां लाइट मोटर व्हीकल के वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अभी तक कुल 193329 किसानों को योजना का लाभ डीबीटी के माध्यम से दिया गया है। मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना अंतर्गत 3550 कृषकों के बीच बिहार राज्य बीज निगम के एप के माध्यम से बीज वितरित किया गया है। क्षेत्र विस्तार योजना के तहत 183 किसानों के बीच 108 हेक्टेयर में आम, अमरूद, आंवला, पपीता, केला आदि के पौधा रोपण करने हेतु अनुदान दिया गया है। मशरूम की खेती में प्रशिक्षित कुल 133 किसानों के बीच 13500 मशरूम कीट का वितरण कर कृषकों को लाभवांवित किया गया है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी व कर्मचारी सम्मानित

शिक्षा मंत्री ने बताया कि जिला में 58 सरकार भवन बनकर तैयार हो चुका है तथा 29 पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत जिले में 202 पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु लक्ष्य निर्धारित है। इसके प्रथम चरण में प्रत्येक पंचायत के चार वार्डो में कुल 8080 के लक्ष्य के विरुद्ध विभिन्न प्रखंडों के कुल 209 वार्डों में 2073 सोलर लाइट का अधिष्ठापन कार्य पूर्ण हो चुका है। शिक्षा मंत्री ने महान स्वतंत्रता सेनानियों को शत शत नमन करते हुए जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात शिक्षा मंत्री ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वहीं परिवहन विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चयनित लोगों को गुड समरितन अवार्ड प्रदान किया।

## खबरें फटाफट

### एक फरवरी से इंटर, 15 से होगी मैट्रिक की परीक्षा

**औरंगाबाद।** अपर समाहर्ता, औरंगाबाद की अध्यक्षता में इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 कि व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं के बारकोडिंग हेतु डिप्टी मुख्य सेक्रेसी ऑफिसर, सेक्रेसी ऑफिसर सहायकों एवं कार्यालय परिचारियों की ट्रेनिंग आयोजित की गई। इस वर्ष इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 01 फरवरी से 12 फरवरी तक तथा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 15 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

### दो बहनों को सुअर ने किया लहूलुहान

**औरंगाबाद।** उपहारा थानाक्षेत्र के भलुआर गांव में शनिवार की शाम दो सगी बहने को जंगली जानवर वन सुअर ने काटकर जख्मी कर दिया। परिजनों की मदद से दोनो को समुदायिक स्वाथ्य केंद्र गोह लाया गया जहां के चिकित्सकों ने अंजली को 7 जबकि परी को 5 टाके लगाए। अंजली की मां आरती देवी ने बताया कि उनकी दोनों बेटियां घर से बाहर बैठी थीं उसी दौरान वन सुअर आया और दोनों बहनों को काट लिया।

### चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी पुरानी बाजार की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# आभूषण बनाने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, तेजाब फेंका, चार झुलसे

**केटी न्यूज/आरा**

चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी पुरानी बाजार में आभूषण बनाने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट व तेजाब बाजी की गई। जिसमें दोनों पक्षों के सगे भाई व बाप बेटे समेत चार लोग झुलस गए। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही चरपोखरी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है।

जानकारी के अनुसार घायलों में एक पक्ष के गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव वार्ड नंबर-6 निवासी स्व. लाल बाबू प्रसाद का पुत्र राजा बाबू, जितेंद्र बाबू एवं दूसरे पक्ष के चरपोखरी थाना क्षेत्र के भलुआना गांव निवासी संजय शाह एवं उनका पुत्र गौतम कुमार शामिल है। इधर, एक पक्ष के जितेंद्र बाबू ने बताया कि सुनील सोनी सोने का जेवर बनाने का काम करता है। वे उससे बराबर जेवर बनवाते है। 15 दिन पूर्व उसे जेवर बनाने के लिए 80 ग्राम सोना दिया था। जब भी उनका भतीजा जेवर मांगने जाता तो वह लौटा देता और 15 दिन से उसे दौड़ा रहा था। शनिवार की शाम जब उनका भतीजा गड़हनी पुरानी बाजार स्थित उसके दुकान पर जेवर मांगने गया, तो उसने



नहीं दिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस बात की जानकारी मिलने पर जब वे पूछताछ करने गए, तो दूसरे पक्ष द्वारा उनपर और उनके बड़े भाई राजू बाबू पर बोतल में भरी तेजाब फेंक दिया। जिससे दोनों का चेहरा और हाथ झुलस गया। इसके बाद उन लोगों द्वारा उनकी जमकर पिटाई भी की गई। जिससे दोनों बुरी तरह झुलस गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि दूसरे पक्ष के गौतम कुमार ने बताया कि वे लोग आभूषण कारीगर हैं और जेवर बनाने का काम करते हैं। कुछ दिन पूर्व उसके के भाई द्वारा उनके दुकान का एक अंगूठी बनाया गया था। जिसका सौ रुपया बकाया था। जब उन्होंने बकाया पैसा मांगा तो उन्होंने देने से मना कर दिया और कहा कि आजकल तुम लोग कारीगरी रेट बहुत ले रहे हो। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसको लेकर वह उसके जीजा को गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उनका भतीजा दीपू अपने दोनों चाचा और अपने पिताजी को बुलाया। जिसके बाद उन लोगों ने उनके दुकान पर बोतल में रखे तेजाब को उनके शरीर पर फेंक दिया। जिससे वह सभी घायल हो गए और फेंकने के दौरान वहीं तेजाब उनके शरीर पर भी पड़ गया। जिससे वे लोग भी घायल हो गए। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### डुमरांव से आरा आ रही बक्सर निवासी बीएड छात्रा की ट्रेन से गिरने से मौत



**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर सिकरियां हाल्ट के समीप डाउन लाइन पर शनिवार की सुबह ट्रेन से गिरने से बीएड की एक छात्रा की मौत हो गयी। मृत छात्रा बक्सर जिले के नावानगर थाना क्षेत्र के अतिमी गांव निवासी बृज मोहन सिंह के 29 वर्षीया पुत्री प्रियंका कुमारी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रेल पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि प्रियंका पिछले करीब डेढ़ वर्षो से नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहती थी और पढ़ाई करती थी। शुक्रवार को वह अपने गांव गयी थी। शनिवार की सुबह ट्रेन से आरा लौट रही थी। उसी बीच सिकरियां हाल्ट के समीप ट्रेन से गिर पड़ी। उसके बाद रेल पुलिस द्वारा हादसे की सूचना दी गयी। बताया जा रहा है कि छात्रा चार बहनों में दूसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां गीता देवी और तीन बहन हैं।

## एक नजर

### सदर एसडीपीओ की कमान फिर युवा आइपीएस के हाथ, परिचय कुमार को मिली जिम्मेदारी

**आरा।** सरकार की ओर से एएसपी सह सदर एसडीपीओ चंद्र प्रकाश का तबादला कर दिया गया है। 2019 बैच के आइपीएस चंद्र प्रकाश को पटना मध्य का सिटी एसपी बनाया गया है। उन्होंने आरा में करीब दस माह तक अपनी सेवा दी। इस बार भी युवा आइपीएस अधिकारी को ही सदर एसडीपीओ की कमान सौंपी गयी है। अबकी बार 2021 बैच के आइपीएस अधिकारी परिचय कुमार को आरा का सदर एसडीपीओ बनाया गया है। मूल रूप से मोतिहारी के रहने वाले पूर्व में इंजीनियर रह चुके परिचय कुमार फिलहाल मुंगेर के एएसपी थे। इधर, 2012 बैच के आइपीएस सत्य नारायण कुमार को एमएमपी आरा का कमांडेंट बनाया गया है।

### बाइक सवार को बचाने के चक्कर में नहर में गिरी कार, पानी में डूबने से युवक की मौत

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में कार सवार एक युवक की मौत हो गई। मामला औरंगाबाद ज़िले के बारूण थाना क्षेत्र के पोखराही व नवादा गांव के बीच सड़क की है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के कुशा गांव निवासी नंद कुमार सिंह के 30 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक रांची में रहकर व्यवसाय करता था, गुरूवार को वह ज़िला मुख्यालय अंतर्गत बदुरी बिगहा अपनी बहन के घर आया था और सुबह कार से अपने घर जा रहा था। इस क्रम में उस जगह पर एक अनितंत्रित बाइक सवार को बचाने के दौरान कार नहर में पलट गई और पानी में डूबने व अंदरूनी चोट लगने से युवक की मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके अलोक में पहुंची पुलिस ने युवक को आनन-फानन में सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर जिला पार्षद अनिल यादव, राजद जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश रंजन, पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार एवं महादेव कुमार पहुंचे और युवक के परिजनों को सांत्वना दी।

### औरंगाबाद: जल्द होगा दानी बिगहा बस स्टैंड का उद्घाटन व मार्केट की होगी निविदा

**औरंगाबाद।** शहर के दानी बिगहा बस स्टैण्ड एवं डी.पी.आरी.सी भवन का जल्द उद्घाटन करने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय ज़िला परिषद सभागार में ज़िला पार्षद अध्यक्ष प्रमिला देवी की अध्यक्षता में साधारण बैठक में ली गई। इस बैठक का संचालन उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभ्येन्द्र मोहन सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में पिछले दो वर्षों में 15वें वित अयोग एवं षष्टम राज्य वित आयोग की राशि से सराहनीय कार्य कराने पर सदस्यों के द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गयी। बैठक में वित्तिय वर्ष 2024-25 में 15वें एवं षष्टम राज्य वित आयोग से प्राप्त होनेवाली राशि से जिले में विकास की गति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद की भूखण्डों, मार्केट को निविदा द्वारा व्यक्ति एवं संस्था को आंवटित कर राजस्व वृद्धि का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस दौरान ज़िला पार्षद सदस्य शंकर यादव द्वारा विश्वास मत हासिल कर पार्षदों के विश्वास जितने के लिए बधाई दिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं बिजली विभाग पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में जिला पार्षद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी सभी प्रखण्ड प्रमुख सहित जिला परिषद के सदस्य अमरेन्द्र कुमार, अनिल कुमार, सुरेन्द्र यादव, चंदा परवीन, पुष्पलता देवी, बिंदा देवी, शोभा कुमारी, रेखा सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार, विकास कुमार व अन्य



# ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों के पास लगाना होगा साईनेज

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय वाहन परिवहन अनुश्रवण समिति की त्रैमासिक की बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत जिला में आयोजित होने वाले विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा के प्रति सर्वोच्च न्यायालय काफी गंभीर है एवं परिवहन विभाग दुर्घटना को रोकने के लिए प्रयासरत है। दुर्घटना से ग्रसित व्यक्तियों को ससमय अस्पताल पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) को पुरस्कृत करने की व्यवस्था की है।

औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुल छह गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) को शिक्षा मंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, औरंगाबाद जिला द्वारा गणतंत्र दिवस



के अवसर पर सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा के तहत बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निदेशित किया गया कि ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों के पास साईनेज-साईनेज बोर्ड एवं रम्बल स्ट्रीप आदि लगाना सुनिश्चित करेंगे। हिट एण्ड रन के मामले में विभाग द्वारा मृत्यु की स्थिति में दो लाख रूपया एवं घायलों को पचास हजार रूपया देने का प्रावधान किया गया है जिसके अंतर्गत इस जिला में कुल 165 प्राप्त आवेदनों में से 153 मामलों को भुगतान हेतु जीआईसी मुम्बई को भेजा गया है जिसमें जीआईसी मुम्बई 82 लाभुको को लाभुक के खाते में मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। उपस्थित विद्यालय वाहन प्रभारी को निदेश दिया गया कि विद्यालय वाहन के रूप में स्वीकृत वाहन को एमभी एसीटी के सभी मानको (यथा वीएलटीडी, परमिट, पैनिक बटन, सीसी कैमरा आदि) के आधार पर ही अनुमति प्रदान कर वाहन को विद्यालय वाहन के रूप में स्वीकृत करेंगे। विद्यालय वाहन प्रभारी को निदेशित किया गया कि प्रत्येक स्कूल प्रबंधक एक बाल परिवहन समिति का गठन करेंगे जिसकी कार्यवाही परिवहन विभाग को देंगे। सभी विद्यालय वाहन प्रभारी को निर्देश दिया गया कि केवल वाहन चालक अनुज्ञप्तिधारी ही वाहन को चलायेंगे। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार एवं वरीय उप समाहर्ता मनीष कुमार भी उपस्थित रहे।

# लोक अदालत के माध्यम से करायें वादों का निस्तारण: जिला जज

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

नौ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिला जज ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। कहा कि अबतक जितने भी चिन्हित वाद न्यायालय में किये गये हैं और नोटिस निर्गत हुआ है। उसकी तामिला की अवस्था की जानकारी यथाशिघ्र प्राप्त करें एवं अधिक से अधिक पक्षकारों के साथ प्री-कॉन्सेलिंग की प्रक्रिया सम्बन्धित न्यायालयो के साथ सामन्जस स्थापित करते हुए करें। जिला जज ने आम जनों से भी अपील की कि वे ज्यादा-से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करायें। किसी तरह की समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय से सम्पर्क करें। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम पंकज मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम धनंजय सिंह, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय नीतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# किशोर कैदियों को विधिक रूप से किया गया जागरूक, 10 दिन चलेगा कार्यक्रम



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जेलों में किशोरों की पहचान करने एवं कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान के तहत मण्डल कारा औरंगाबाद में किशोर न्याय अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। 10 दिन चलने वाले कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा मण्डल कारा औरंगाबाद के किशोर कैदियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर काराधीक्षक सुजीत कुमार झा उपस्थित रहे। बताया गया कि किशोरों की पहचान करने के लिए जेल भ्रमण अधिवक्ता समूह की टीम आप लोगों से जो भी जानकारी मांगती है तथा पूछती है तो आप बेहिचक समस्त जानकारियों को दें। प्राधिकार पूरी तरह से आपके किशोर हक के लिए कार्य कर रहा है। साथ ही आप लोगों को किसी भी तरह की विधिक सहायता की जरूरत हो तो आप टीम के सदस्य को अथवा जेल भ्रमण अधिवक्ता को बतायें हम तत्काल आप सभी को विधिक सहायता उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाते है। काराधीक्षक ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किशोरों की पहचान और इससे सम्बन्धित प्राप्त पृष्ठभूमि के






# किला मैदान में डीएम ने किया झंडोतोलन, संविधान का आदर करने की अपील की





♦ गणतंत्र दिवस पर सभी सरकारी व निजी स्कूलों, दफ्तरों, प्रतिष्ठानों पर झंडा फहरा, गाया गया राष्ट्रगीत

**केटी न्यूज/बक्सर**

देश का 75 वां गणतंत्र दिवस शुक्रवार को बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों, कार्यालयों व प्रतिष्ठानों के अलावे निजी घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया राष्ट्रगान गाए गए। मुख्य समारोह बक्सर के किला मैदान में आयोजित हुआ था। जहां डीएम अंशुल अग्रवाल ने झंडोतोलन कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा गणतांत्रिक देश होने पर गर्व है। उन्होंने लोगों से संविधान का आदर करने की अपील की। डीएम ने लोगों से स्वच्छता अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली बढ़ाने की अपील की। झंडोतोलन के बाद एमपी हाई स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। झंडोतोलन के दौरान मुख्य मंच पर एसपी मनीष कुमार, एसपीजीआरओ किशोरी साह, एडीएम प्रमोद कुमार, एसडीओ धीरेन्द्र मिश्र, डीएसपी धीरज कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**डुमरांव में भी उल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस**

डुमरांव में भी गणतंत्र दिवस समारोह धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य समारोह राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित हुआ, जहां एसडीओ कुमार पंकज ने झंडोतोलन कर मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए विभिन्न लाभकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावे नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता ने, संत जॉन सेकेन्ड्री स्कूल में निदेशक डॉ. रमेश सिंह, राइजिंग सन इंटरनेशल स्कूल में डायरेक्टर ब्रह्मा ठाकुर, जयपुरिया स्कूल के निदेशक अजय पांडेय के अलावे सभी सरकारी व निजी स्कूलों में झंडोतोलन किया गया।

**हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस**

प्रखंड के विभिन्न इलाकों में हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को 75 वें गणतंत्र दिवस मनाई गई। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने झंडातोलन किया। वही पंचायत सरकार भवन केसठ, पंचायत भवन और मनरेगा भवन में केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने, अनुसूचित मध्य विद्यालय में एचएम लाल बाबू ने झंडा फहराया।

## एक नजर

### दूध व्यवसायी की गोली मार हत्या

**बक्सर।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इजरी मठिया गांव में अपराधियों ने एक दूध व्यवसायी की गोली मार हत्या कर दी है। घटना गुरुवार की देर शाम उस वक्त की है जब दूध व्यवसायी दूध बेच साइकिल से अपने घर लौट रहा था। गांव से बाहर ही अपराधियों ने उसे गोली मार दिया। मृतक की पहचान इजरी मठिया गांव के बृज बिहारी यादव के 25 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाने की टीम मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। हालांकि घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं करवाया है। वही इस घटना को ले कई तरह की चचाएं हो रही है।

### डुमरांव में फिर शुरू हुआ बंदर पकड़ने का अभियान, पहले दिन पकड़े गए 100 बंदर

**डुमरांव।** डुमरांव नगर वासियों को अब जल्दी ही बंदरों के आतंक से मुक्ति मिलने वाला है। नगर परिषद की चेयरमैन सुनीता गुप्ता के पहल पर मध्य प्रदेश के जबलपुर से बंदरों का रेस्क्यू करने वाली टीम डुमरांव आ गई है। पहले दिन ही करीब 100 बंदरों को पकड़ा गया है, जिन्हें वन विभाग के रेंजर के देखरेख में रोहतास के पहाड़ी जंगलों में छोड़ा जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि चुनाव के दौरान ही शहरवासियों को बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने का आश्वासन दिया गया था। जिसे अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक पखवाड़े से अधिक दिनों तक चलेगा तथा शहर को बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाई जाएगी। बता दें कि डुमरांव में बंदरों का आतंक दशकों से है। बंदरों के कारण लोग छतों पर जाना तक छोड़ देते है। नगर परिषद प्रशासन के इस पहल की तारीफ शहरवासी कर रहे है।

### जिले के सात अंचलाधिकारियों का तबादला

**बक्सर।** बिहार में जारी सियासी उठापटक के बीच पदाधिकारियों के तबादले का दौर जारी है। इसी कड़ी में राजस्व एंव भूमि सुधार विभाग ने जिले के सात अंचलों के सीओ का तबादला भी कर दिया। जिसमें डुमरांव सीओ अंकिता सिंह का नाम भी शामिल है। वही उनके जगह सुमन प्रकाश को डुमरांव का नया सीओ बनाया गया है।राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के 478 राजस्व अधिकारी, अंचल अधिकारी और प्रभारी अंचल अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसमें जिले के 7 प्रखंडों के अंचलाधिकारी शामिल है। जिसमें सदर प्रखंड की निधि ज्योत्सना की जगह प्रशांत शांडिल्य को बांका जिला के चांदन अंचल से तबादला कर जिम्मेवारी दी गयी है। वही निधि ज्योत्स्ना को रोहतास के अकोढ़ी गोला का सीओ बनाया गया है। इसके अलावा चक्की में कौशल कुमार, ब्रह्मपुर में खुशबु खातून, सिमरी में भगवती शंकर पांडेय, इटाढ़ी में संतोष कुमार प्रीतम, केसठ में अभिषेक गर्ग और चौसा में आरती कुमारी की पदस्थापना की गई है। सभी सीओ को एक सप्ताह में अपने नयें अंचल में योगदान का निर्देश दिया गया है।

### ओवरलोडेड बालू लदे सात ट्रक जब्त

**नावानगर।** बासुदेवा ओपी पुलिस ने शनिवार को डुमरांव-बिक्रमगंज हाईवे स्थित आथर गांव के पास से सात बालू लदे ओवरलोडेड ट्रक को पकड़ा है। साथ ही इसकी सूचना खनन विभाग को दे दी है। बताया जाता है कि सभी ट्रक को पुलिस ने वाहन जांच के दौरान पकड़ा है। जिसे ओपी परिसर में पुलिस अपनी अभिरक्षा में खड़ा कर दिया है। इधर ओपी पुलिस द्वारा काफी संख्या में ट्रकों के पकड़े जाने से ट्रक मालिक व चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### कलियुगी बेटे ने मां को चाकू से मार किया जख्मी

**नावानगर।** एक कलियुगी पुत्र ने मामूली बात पर अपनी मां को चाकू मार जख्मी कर दिया। मां ने इस मामले में पुत्र के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नावानगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी भरत सिंह का किसी बात पर अपनी मां रामदासो देवी से विवाद हो गया। जिसके बाद भरत ने अपनी मां पर चाकू से हमला कर दिया। जख्मी हालत में रामदासो का प्राथमिक इलाज केसठ पीएचसी में करवाया गया।

## बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे नीतीश कुमार, बक्सर सांसद अश्विनी चौबे, जेडीयू नेता अशोक चौधरी दिखे साथ

# सीएम ने सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण






♦ सीएम नीतीश कुमार ने बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर सौदर्यीकरण के पहले फेज का किया उद्घाटन, दूसरे फेज का शिलान्यास

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**





बिहार में जारी सियासी घमासान तथा गठबंधन टूटने की औपचारिक घोषणा के ऐन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर पहुंच पूजा अर्चना किए। इस दौरान उन्होंने महाआरती में भाग लेने के साथ ही पर्यटन विभाग द्वारा फेज वन के तहत कराए गए मंदिर सौदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किए। उन्होंने फेज वन का उद्घाटन के साथ ही फेज टू के तहत इस मंदिर में लगने वाले दो गेट, बस स्टैंड, पार्किंग तथा अतिथि गृह निर्माण का शिलान्यास भी किए। इस दौरान उनके साथ बिहार भाजपा के कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे, बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी समेत जदयू व भाजपा के कई नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम से राजद समेत ईडी गठबंधन के नेताओं ने दूरी बना रखी थी, जो इस बात की तस्दीक कर रही थी कि बिहार में गठबंधन टूट चुका है। सिर्फ इसकी औपचारिक घोषणा बाकी रह गई है। हालांकि इस दौरान मुख्यमंत्री बिना कुछ कहे ही निकल गए। लेकिन केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के बयान इस बात की ओर इशारा कर रहे थे कि नीतीश कुमार फिर से एनडीए में शामिल हो रहे है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मैं ही पहली बार इन्हें लेकर यहां आया था और इस बार भी मैं ही लाया हूं। केन्द्रीय मंत्री ने इशारों इशारे में ही कहा कि होयहि वही जो राम रचि राखा..। केन्द्रीय मंत्री के इस बयान तथा कार्यक्रम में राजद तथा इडी गठबंधन के अन्य घटक दलों के बदले भाजपा नेताओं के शामिल होने से मुख्यमंत्री के बिना कुछ कहे ही लोग यह जान चुके है कि बिहार में फिर से सत्ता परिवर्तन होने वाला है।

**जीयर स्वामी समेत कई दिग्गज रहे मौजूद:** बाबा जीर्णोद्धार के अवसर पर सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के साथ अंतर्राष्ट्रीय संत व परम पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज, रांची उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर शिवानंद पाठक, दियरांचल पीठाधीश्वर उद्धव प्रसन्न स्वामी, धर्मेंद्र तिवारी, डुमरांव राजघराने के महाराजा चंद्रविजय सिंह सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे, जिन्हें डीएम अंशुल अग्रवाल ने बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ का प्रतीक चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा, लोक गायक विनय मिश्र एवं लिटिल स्टार आर्यन बाबू ने अपने गीत संगीत से समा बांध दिया। कार्यक्रम में डीडीसी महेंद्र पाल, पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, गंगा समग्र दक्षिण बिहार प्रांत के संयोजक शंभूनाथ पांडेय, गहौना पंचायत के पूर्व मुखिया कमलदेव ओझा समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा के प्रति गंभीर है राज्य सरकार, पॉश मशीन से डीलरों की मनमानी पर लगी रोकः विकल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बिहार पहला ऐसा राज्य है जहा के सभी पीडीश दुकानों पर पॉश मशीन से खाद्यान्न का उठाव व वितरण हो रहा है। इससे डीलरों की मनमानी पर लगाम लगा है। उक्त बातें बिहार राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन विद्यानंद विकल ने शनिवार को केशव टाइम्स के साथ विशेष बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न का वितरण व उठाव ऑन लाईन होने से अब डीलर उपभोक्ताओं के हक की चोरी नहीं कर पा रहे है। जिस कारण डीलर के यहां उपभोक्ता नहीं बल्कि उपभोक्ताओं के यहां डीलर हाजिरी लगा रहे है। उन्होंने कहा कि बिहार में 8 करोड़ 75 लाख उपभोक्ता है, जिन्हें प्रतिमाह 4 केजी चावल व एक केजी गेहूं दिया जा रहा है। इन उपभोक्ताओं में 85 प्रतिशत उपभोक्ताओं का आधार सिडिंग हो गया है। शेष बचे 15 प्रतिशत उपभोक्ताओं का आधार शीडिंग भी शीघ्र कर लिया जाएगा। कहा कि पीडीएस दुकानों के ऑन लाईन होने से बिहार के बाहर रहने वाले 60 लाख उपभोक्ता वहीं पर अपने खाद्यान्न का उठाव कर रहे है। एक सवाल के जबाव में आयोग के चेयरमैन ने कहा कि सिमरी, डुमरांव व ब्रह्मपुर सीडीपीओ पर प्रत्येक केन्द्र से तीन हजार रुपए महीना नजराना लेने की शिकायत की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि विकल आईसीडीएस, एसएफसी, पैक्स, एमडीएम तथा ओबीसी कल्याण विभाग के भी चेयरमैन है। मौके पर डॉ. अब्दूल रशीद हॉशमी, श्रीकांत कुशवाहा, इस्लाम अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# सांढ हुआ बेकाबू, आधा दर्जन लोगों को मारकर किया जख्मी

**केटी न्यूज/बक्सर**



शनिवार की अहले सुबह बक्सर के खलासी मोहल्ले में संचालित होने वाले अवैध बूचड़खाने में वध करने के लिए पशुओं का पहुंचाया गया। इस दौरान वहान से उतरते ही एक सांढ़ बेकाबू हो गया तथा वह पशु तस्करों के चंगुल से मुक्त हो सड़क पर आ गया तथा अहले सुबह मॉर्निंग वाक करने तथा अन्य कार्यों से घर से निकले करीब आधा दर्जन लोगों को जख्मी कर दिया। जिसमें दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर थाने की पुलिस ने वाहन तस्करी में प्रयुक्त पिकअप को जब्त कर लिया। जबकि पुलिस ने किसी तरह सांढ़ को काबू में कर उसे आदर्श गौशाला पहुंचाया। इस घटना में भैरव कुम्हार उम्र 70 वर्ष, वशिष्ट पासवान की पत्नी मनाकी देवी उम्र 65 वर्ष, रामप्रवेश राम उम्र 60 वर्ष का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वही अन्य घायलों को उनके परिजन लेकर निजी अस्पतालों में इलाज के लिए गए है। इस घटना के बाद अवैध बूचड़खाने के संचालन से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पूर्व में यहां पशु तस्करी का भंडाफोड़ हुआ था। तब पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कुछ पशु तस्करों को गिरफ्तार किया था।




## अरक में हनुमान मंदिर के रजत जयंती पर आयोजित हो रहा है हनुमंत महायज्ञ

# राम मंदिर बनने से देश में खुशी, भारत फिर से विश्वगुरू बनेगा : बौराहा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सनातन धर्म अनादि और अनंत है। कोई इसे नष्ट नहीं कर सकता है। अयोध्या में राम मंदिर बनने से देश का गौरव बढ़ा है तथा भारत फिर से विश्व गुरू बनेगा। उक्त बातें केशव टाइम्स से बातचीत क दौरान मां गंगा नवदुर्गा पीठाधीश्वर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 बौराहा बाबा महाराज ने कही। वे अरक गांव में आयोजित श्री हनुमंत महायज्ञ में शामिल होने आए है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र धरती पौहारी बाबा की सिद्धस्थली रही है। उन्होंने यहां वर्षों तपस्या की थी। बौराहा बाबा ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के बाद देश में सनातन के प्रति आस्था बढ़ी है तथा युवाओं में भी धर्म के प्रति चेतना जगी है। उन्होंने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र है और रहेगा। आने वाले समय में भारत फिर से विश्व गुरू बनेगा। उन्होंने लोगों से धमार्नुसरण करने की अपील की और कहा कि धर्म से ही हमारी रक्षा होगी। स्वामी जी महाराज ने कहा कि यज्ञ प्रकृति को स्वच्छ बनाती है, जिससे हम रोगमुक्त रहते है। पिछले कुछ दशकों में यज्ञ में आई कमी से ही रोगों का प्रकोप बढ़ा है। इस दौरान उनके परम शिष्य व भाजपा अधिवक्ता मंच के प्रदेश संयोजक विन्ध्याचल राय, शक्ति राय, युवा मोर्चा के प्रांतीय नेता दीपक यादव, जिला प्रवक्ता गोल्डेन पांडेय, नीरज सिंह, पवन जायसवाल के साथ ही अरक के सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सिंह, आयोजन समिति के अग्रणी संजय सिंह, प्रदुमन सिंह, रामचंद्र सिंह, रामनारायण सिंह, प्रताप नारायण सिंह, शारदा सिंह समेत सैकड़ो श्रद्धालु व ग्रामीण मौजूद थे। 26 जनवरी से एक फरवरी तक आयोजित हो रहा है।



# मऊ निवासी सुनील विश्वकर्मा को मिला पद्मश्री बाबा योगेंद्र पुरस्कार

♦ प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने डॉ. सुनील को किया सम्मानित

**केटी न्यूज/ मऊ**

जिले के कोपागंज नगर पंचायत निवासी और काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग के अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा को राज्यपाल आनंदी बेन और सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा पद्मश्री बाबा योगेंद्र 2024 पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन के साथ गांव के लोगों ने सुनील के परिजनों को बधाई दी। कोपागंज के मोहल्ला हुंसापूरा निवासी स्व. सीता राम विश्वकर्मा के पुत्र प्रो. डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा की बनाई हुई कलाकृति ने अयोध्या में राममंदिर में स्थापित प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की मूर्ति का आकार लिया है। इसी को लेकर शुक्रवार को लखनऊ राजभवन में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने डॉ. सुनील विश्वकर्मा को पद्मश्री बाबा योगेंद्र 2024 पुरष्कार से सम्मानित किया। डॉ. सुनील की प्रारंभिक शिक्षा कोपागंज में हुई है। जबकि बापू इंटर कॉलेज कोपागंज से इन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इनके



द्वारा बीएफए की शिक्षा के लिए बीएचयू वाराणसी चुना गया। जहां उन्होंने बीएफए व एमएफए में गोल्ड मेडल हासिल किया। जबकि इन्होंने एमफिल आगरा से किया। एडवांस्ड स्टडी इन पेंटिंग चाइना से किया। यूजीसी नेट 2006 में क्वालीफाई किया। इसके बाद महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत रहे है।

## ब्रिगेडियर, एसडीएम समेत सैन्य अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** शौर्य चक्र एवं युद्ध सेवा पदक प्राप्त शहीद कर्नल एमएन राये को उनके पैतृक गांव डेढगावां में नौवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान 39 जीटीसी वाराणसी के सेंटर कमांडर ब्रिगेडियर अनिरबन दत्ता एवं जमानियां एसडीएम हर्षिता तिवारी समेत सैन्य अधिकारियों, जवानों, गणमान्य लोगों, पुलिस प्रशासन आदि ने शहीदे की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सैन्य दस्ते के जवानों ने मातमी धुन व शस्त्र उल्टे कर शहादत को सलामी दी। मुख्य अतिथि एवं 39 जीटीसी वाराणसी के सेंटर कमांडर ब्रिगेडियर अनिरबन दत्तो ने कहा कि शहीदे होना सबके नसीब में नहीं होता है, कहा कि जिस तरहे कर्नल एम एन राये ने विषम परिस्थितियों में रहने के बावजूद देश विरोधी ताकतों से लोहा लेते हुए देश के लिए अपने प्राणों की आहुती दी, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है, कहा कि शहीदे कभी मरता नहीं बल्कि वह अमर हो जाता है, उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि आज जरूरत है। शहीदे कर्नले एम एने राये के पद चिन्हों पर चलते हुए देश की रक्षा करने की दौरान उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सेना में भर्ती के लिए वह जुट

## एक नजर

### समाधान दिवस पर डीएम ने जन सुनवाई की



**मऊ।** डीएम अरुण कुमार ने थाना समाधान दिवस पर थाना सराय लखंसी में जनसुनवाई की। इस दौरान भूमि विवाद संबंधी प्रकरणों में उन्होंने पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। आज जनसुनवाई के दौरान जितनी भी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष आई वे सभी भूमि विवाद से संबंधित थी,जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने आज ही समाधान दिवस के उपरांत मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने थानाध्यक्ष सराय लखंसी एवम अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भूमि विवादों से संबंधित प्रकरणों में तत्काल पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर उनका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए शिकायतों के निस्तारण हेतु मौके पर टीमें भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, सीओ सिटी एवम् थानाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में एमआर की मौत,घर में मातम

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के लठठूडीह गांव निवासी राजू कुशवाहा (32) की मौत शुक्रवार की रात जंगीपुर पुलिया के पास चार पहिया वाहन की टक्कर में हो गया। खबर सुन गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि मृतक राजू कुशवाहा (32) पुत्र दयाशंकर कुशवाहा एमआर का काम करता था। उसी सिलसिले में शुक्रवार की रात वापस गाजीपुर लौटते समय जंगीपुर पुलिया के पास पीछे से आ रही चारपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। इस टक्कर से मृतक सड़क पर दूर जा गिरा। इसके बाद राहगीरों ने एम्बुलेंस के सहारे किसी तरह जिला अस्पताल पहुंचाया। परिजनों को घटना की जानकारी दी और मौके पर बुला लिया। मौके पर पंहुचे परिजनों ने गंभीर स्थित देख डाक्टरों की सलाह पर बीएचयू वाराणसी के ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाईयों में सबसे बडा था। जबकि दूसरा नितीश व तीसरा विकास है। मृतक के पिता दयाशंकर कुशवाहा आजमगढ़ मेडिकल कालेज में कार्यरत हैं। मृतक अपने पीछे पांच साल का पुत्र प्रिंस और बेवा पत्नी को छोड़ गया है। पत्नी अर्चना का रोते-रोते बुरा हाल है।

### लेखपाल पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों को देना होगा मेडिकल सर्टिफिकेट

**मऊ।** मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व परिषद उ०प्र० लखनऊ के नियन्त्रणाधीन राजस्व लेखपाल पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों की जनपद मऊ के लिए 71 चयनित अभ्यथियों को संबंधित नियुक्ति प्राधिकारियों / उपजिलाधिकारी द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किये जाने के पूर्व संबंधित चयनित अभ्यर्थियों का मानसिक एवं शारीरिक चिकित्सकीय/स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थीगण द्वारा दिनांक 30 जनवरी 2024 तक जिला चिकित्सालय मऊ में जाकर अपना-अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण प्रमाण पत्र कार्यालय जिलाधिकारी मऊ के भूलेख अनुभाग में कार्यरत एल०आर०सी० को प्राप्त कराना सुनिश्चित करे। यह स्पष्ट किया जाता है कि जिस अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्तानुसार अपना स्वास्थ्य/चिकित्सकीय परीक्षण नही कराया जाता है, संबंधित के नियुक्ति के संदर्भ में नियुक्ति प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी द्वारा विचार नही किया जायेगा।

### राम-सीता पर आपत्तिजनक कमेंट करने वाला युवक गिरफ्तार

गाजीपुर। भगवान श्रीराम व माता सीता को लेकर फेसबुक पर किए गए आपत्तिजनक कमेंट के मामले में फरार चल रहे आरोपी नवली निवासी गोलू उर्फ तुफैल अंसारी को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़ने के बाद कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद फेसबुक पर भगवान श्रीराम एवं माता सीता के खिलाफ आपत्तिजनक कमेंट कर दिया। इससे फेसबुक व सोशल मीडिया से जुड़े युजर्स भड़क उठे। लोगों ने उसके द्वारा किए गए कमेंट को तत्काल डिलिट करने को कहा। मगर उसने ऐसा नहीं किया। इसके बाद आपत्तिजनक कमेंट वायरल होने लगा। इसकी जानकारी होते ही मंडल अध्यक्ष लल्लन सिंह ने कमेंट का स्क्रीन शाट लेकर युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी।

## खबरें फटाफट

### आगलगी की घटना में 4 गुमटियां खाक

**नगरा।** थाना क्षेत्र के गोठाईं चट्टी में देररात अज्ञात कारणों से लगी आग से 4 गुमटियां जल कर राख हो गईं। इससे दूकानदारों का हजारों रुपये मूल्य का सामान जल कर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व चट्टीवासियों के अथक परिश्रम से आग पर काबू पाया जा सका। चट्टी पर नथुनी ठाकुर, चंद्रमा राम, प्रभुनाथ प्रसाद व लालजी प्रसाद ने जीविकोपार्जन के लिये गुमटी में दुकान कर रखा था। किसी की कबाड़ की दुकान थी तो किसी ने जनरल स्टोर खोल रखा था। घटना की रात अचानक गुमटियों में आग लग गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। चट्टीवासियों ने पुलिस संग मिल कर आग बुझाया।

### आए 10 मामले, 7 का निस्तारण

**नगरा।** नगरा थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस पर 10 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें 7 का मौंके पर ही निस्तारण कर दिया गया। 3 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम रवाना कर दी गई। समाधान दिवस में अधिकतर मामले भूमि विवाद से संबंधित रहे। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान किया।समस्याओं को सुनने के लिये कानूनगो सर्किल के अनुसार अलग अलग टेबल लगे हुए थे। इस मौके पर गिरजाशंकर सिंह, ओमप्रकाश यादव, रामकरण यादव, जीतन राम सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

### पंचायत भवन का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**सुखपुरा।** दतिवड़ गांव स्थित पंचायत भवन में बीती रात हुई चोरी के मामले में ग्राम प्रधान अशोक चौहान शनिवार की दोपहर सुखपुरा थाने में तहरीर दी है। सुखपुरा थाना क्षेत्र के दतिवड़ गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें रखा इनवर्टर, दो सेट कम्प्यूटर, सीसी टीवी का चार कैमरा व मशीन सहित अन्य सामान चुरा लिया। इस बात की जानकारी शनिवार की दोपहर जब ग्राम प्रधान अशोक चौहान व सचिव कार्यालय में पहुंचे तो पंचायत भवन का ताला टूटा देख हैरान रह गए। आनन फानन में कमरे के अंदर जाकर देखा तो सारा समान गायब था। इसके बाद ग्राम प्रधान ने चोरी की लिखित तहरीर थाने में दी।

### दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**बलिया।** धोखाधड़ी के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने कृष्णा नगर निवासी दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शनिवार की दोपहर कार्रवाई में जुट गई है। दोनों आरोपियों का नाम अरूण कुमार व रजनी वर्मा है। राजपूत नेवरी निवासी विवके कुमार सिंह के अनुसार उसने अरूण कुमार से एक स्कार्पियो 15 लाख रूपए में खरीदा था। इसबीच बीते दिन विवेक कुमार सिंह जब भृगु मंदिर के पास स्कार्पियो खड़ी की तो कुछ लोग अचानक दूसरी चाभी लगाकर स्कार्पियो ले जाने लगे, इसको देख जब विवके कुमार सिंह उन सबको रोका तो पता चला कि वे लोग सभी बैंक के कर्मचारी हैं। इसके बाद जानकारी हुई।

## आन-बान शान से जिले के हर सरकार-गैर सरकारी प्रतिष्ठान में लहराया तिरंगा

# मंत्री ने पुलिस लाइन में फहराया तिरंगा

♦ उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानी को किया सम्मानित

**केटी न्यूज/ बलिया**

प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पुलिस लाइन में परेड सलामी लेने के पश्चात सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वतंत्रता सेनानी व सैन्य विधवाओं को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपद पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश दयाशंकर मिश्र दयालु जी द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रगान व संविधान की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी भी ली गई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामना देते हुए एक कवि की दो लाइन की पंक्तियां उल्लेखित करते कहा कि मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर तुम देना फेंक मातृभूमि पर शीश नवाने जाएं जहां वीर अनेक। प्रभारी मंत्री द्वारा कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया।



### अपर महाधिवक्ता ने गणतंत्र दिवस पर किया

**गाजीपुर।** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन के अपर महाधिवक्ता और स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के प्रबंधक अजीत कुमार सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ० राघवेंद्र कुमार पांडेय ने मुख्य नियंता डॉ० एसडी सिंह और नियंता मंडल के अन्य प्राध्यापकों के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि ने परिसर स्थित कुशलपाल सभागार के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। इसके बाद एनसीसी थल सेना और जल सेना की इकाई के कैडेटों से उन्होंने सलामी ली। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० विनय कुमार दुबे ने निदेशक उच्च शिक्षा के गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जारी संदेश का वाचन किया। संगीत विभाग की छात्र-छात्राओं ने डॉ० मीना सिंह के मार्गदर्शन में देश भक्ति गीत प्रस्तुति से कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया।

### गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय

**चंदौली।** जिला मुख्यालय स्थित महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज ग्राउंड में शुक्रवार को 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग के द्वारा भव्य परेड और ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें बतौर अतिथि केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने परेड की सलामी लेने के साथ ही लोगों को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर हैं। इसी गति से भारत का विकास होने पर हम 2027 में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में स्थापित होंगे। कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्र के विकास के प्रति कृत संकल्पित हैं। ऐसे में भारत को महाशक्ति बनने से कोई ताकत रोक नहीं सकती हैं। कहा कि देश को आजाद कराने में उन बलिदानियों का सबसे बड़ा योगदान हैं।

### जेल पर धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बलिया।** 75 वा गणतंत्र दिवस जिला कारागार पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जेलर राजेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। बंदीरक्षको व कैदियों ने राष्ट्रगान गाया। इसके बाद जेलर राजेन्द्र सिंह ने उपस्थित समस्त कर्मियों को संविधान के प्रति श्रद्धा, निष्ठा और भारत की संप्रभुता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कहा कि आज के ही दिन हमारा संविधान लागू हुआ ताकि हर किसी का मूल अधिकार, शासन प्रणाली व न्याय व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके और लोकतंत्र को मजबूती मिले। यह दिन अब तक की अर्जित उपलब्धियों पर गर्व करने का दिन है। संदेश दिया कि हमारी आपसी एकता ही मजबूती का सबसे बड़ा माध्यम है। अंत में सभी से आह्वान किया कि जो प्रतिज्ञा या संकल्प लिया है।

## अब घर बैठे विदेशों में निर्यात कर सकते है सामान



**केटी न्यूज/ बलिया**

घर बैठे निधि उद्योग के माध्यम से कोई भी व्यापारी या व्यक्ति विदेशों में सामान भेज सकेंगे। बलिया का मशहूर भट्टी वाला चना सत्तू विदेश में बैठे व्यक्ति भी मंगवा सकेगें। प्रधान डाकघर बलिया में डाकघर निर्यात केंद्र से निधि उद्योग के संचालक सौरव अग्रवाल गुदरी बाजार बलिया द्वारा आज वरुण श्रीवास्तव यूएसए को सत्तू का पार्सल निर्यात किया गया। सौरभ ने बताया कि निधि उद्योग के उद्पादो को भेजने या मंगवाने येतु निर्देशित कर सकता है। कोई भी व्यक्ति अपने संगे संबंधियों को देश विदेश में कही भी कभी भी भेज सकेंगे। इसके अलावा देश या विदेश में कही भी रहने वाला व्यक्ति मंगवा सकेगा। निधि उद्योग के प्रोडक्ट्स को बस एक मेल करके। प्रधान डाकघर बलिया के विपणन अधिकारी अजीत दुबे ने बताया की व्यवसाई निधि उद्योग के लिए बलिया डाकघर के माध्यम से निर्यात लाइसेंस जारी किया जा चुका है। अतः निधि उद्योग विदेशों में कही भी अपने उद्पादो को डाकघर के निर्यात केंद्र के माध्यम से कर सकते हैं।

## पंजाब से बिहार कंटेनर में जा रही 45 लाख की शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/ चंदौली**

कंदवा पुलिस व सर्विलांस व स्वाट टीम को बड़ी सफलता मिली है। अमड़ा तिराहे के समीप चेकिंग के दौरान एक कन्टेनर से 45 लाख की शराब बरामद की है। शराब की खेप पंजाब से बिहार और तस्करी कर ले जाई जा रही थी। फिलहाल पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है। पुलिस लाइन में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने इसका खुलासा किया। विदित हो कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड पर थी। इसी क्रम में एक्शन में आई पुलिस ने थाना कंदवा व सर्विलांस, स्वॉट टीम को यह बड़ी सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सलिल स्वरुप आदर्श थाना प्रभारी कन्दवा मय हमराह थाना क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे,तभी सर्विलांस व स्वॉट प्रभारी



निरीक्षक हरिनारायण पटेल ने बताया कि एक कंटेनर जिसमें अवैध शराब होने की सूचना है। वह अभी सैयदराजा रेलवे क्रासिंग पार कर कंदवा की तरफ जा रही है। इस सूचना पर पुलिस टीमों ने अमड़ा तिराहा पर घेराबंदी की तभी एक कंटेनर तेज गति से सामने से आती दिखायी दी। पुलिस ने टार्च से कंटेनर को रोकने का इशारा किया गया तो कंटेनर चालक थोडी दूर पहले रोककर भागने लगा जिसको पुलिस ने पकड़ लिया। एएसपी ने कहा कि पूछताछ में गिरफ्तार कैरियर हरदीप सिंह ने बताया कि मेरे ट्रक (कंटेनर) में अवैध शराब है,जो पंजाब से खरीदकर बिहार और झारखण्ड बेचने जा रहे हैं। कंटेनर में एक फर्जी कूटरचित पशु आहार की बिल्टी भी तैयार करके रखते हैं। चेकिंग के दौरान बार्डर पर पुलिस को यहीं बिल्टी दिखाते हैं, लेकिन जब पुलिस द्वारा कंटेनर को चेक किया गया तो शराब बरामद हुई।

## खेल निदेशालय के निर्देश पर किया गया आयोजन

# जिला स्तरीय ओपन पुरुष साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**केटी न्यूज/ मऊ**

खेल निदेशालय उप्र, लखनऊ के निदेर्शानुसार 26 जनवरी, 2024 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिला खेल कार्यालय, मऊ द्वारा प्रातः ध्वजारोहण के उपरान्त जिला स्तरीय ओपेन पुरूष साईकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन पहसा से स्टेडियम तक किया गया। इसमें कुल 75 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग लिया। साईकिल रेस को हल्धरपुर थाना इन्चार्ज द्वारा हरी झंडी दिखाकर साईकिल रेस का शुभारम्भ किया गया। साईकिल रेस में प्रथम स्थान- पंकज प्रजापति, दूसरा स्थान- सुजीत यादव, तीसरा स्थान- सुखराम, चैथा-बब्लू चौहान, पांचवा-सुजीत



साहनी, छठा-गुलशन साहनी प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण अशोक सिंह समाजसेवी, गनेश सिंह एवं अखिलेश राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मऊ की तरफ से फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 08 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता की विजेता टीम अदरी मऊ एवं उपविजेता टीम स्टेडियम, मऊ रही। इसके अतिरिक्त उप्र स्थापना दिवस एवं भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत दिनांक 24 से 26 जनवरी, 2024 तक जनपद स्तरीय एथलेटिक्स बालक-बालिका, कबड्डी बालिका, खो-खो बालक एवं वॉलीबाल बालक एवं हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन भी उप्र खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रशान्त नागर (आईएएस), मुख्य विकास अधिकारी, मऊ एवं विशिष्ट अतिथि अरशद जमाल नगर पालिका अध्यक्ष, मऊ रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा सभी खेल के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत मुकेश कुमार सब्बरवाल उपक्रीड़ाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कोतवाल सदर मऊ, ओमेन्द्र सिंह, संजय सिंह हॉकी, संजय सिंह हैण्डबाल, हॉजी मुनउव्वर, राजीव जायसवाल, अखिलेश खरवार, मनोज यादव, रीमा यादव, भूपेन्द्रनाथ, शकील अहमद, इरशाद, फैसल, रूपा राजभर, सौरभ रंजन, आकाश सहित काफी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। अन्त में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं खेल प्रेमियों का मुकेश कुमार सब्बरवाल उपक्रीड़ाधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



